# 2018
# Media Effects

हिन्दुस्तान 18/1/18

## संत जेवियर कॉलेज का रिजल्ट 86.6 फीसदी

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के छात्रों ने यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पार्ट वन की परीक्षा में पूरे यूनिवर्सिटी में बेहतर रिजल्ट प्राप्त कर कॉलेज का नाम रौशन किया है। प्राचार्य डा फा एमानुएल बरला ने बताया कि पहले ही वर्ष में छात्रों ने शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किया है। इस वर्ष रांची यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पार्ट वन की परीक्षा में कला और संकाय विषय में कुल 383 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 332 छात्रों ने पास किया है। रिजल्ट पहले ही वर्ष में 86.6 प्रतिशत है। एकाउंट्स ऑनर्स का रिजल्ट 94.9 प्रतिशत रहा है। अर्थशास्त्र का रिजल्ट 72 प्रतिशत, इंग्लिश का रिजल्ट 75 प्रतिशत, भुगोल का 86.8 प्रतिशत, हिन्दी का 89.2 प्रतिशत, इतिहास का 75.7 प्रतिशत, राजनीतिक शास्त्र का 87.6 प्रतिशत रहा है। अर्थशास्त्र प्रतिष्ठान विषय में 21 में से 18 छात्र, इंग्लिश में 32 में से 34 छात्र, भूगोल में 61 में से 53 छात्र पास हुए हैं।

दैनिक भास्कर 15/02/2018

## खबरें फटाफट

# एनएसएस कैडेट्स ने मैनाबेड़ा में स्वास्थ्य शिविर लगाया



सिमडेगा | शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक के मैनाबेड़ा और ढांवठाटोली में संत जेवियर कॉलेज के एनएसएस कैडेट्स ने विशेष शिविर लगाया। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. गौरव श्रीवास्तव और प्रो. अल्फोंसा तिर्की ने कहा कि स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का निवास होता है। गंदगी के कारण कई तरह की बीमारियां होती हैं। लोगों का यह फर्ज बनता है कि वह अपना कार्य स्थल को साफ सुथरा रखे। बताया गया कि 18 फरवरी तक शिविर का आयोजन करके स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सर्वे का कार्य किया जाएगा तथा ग्रामीणों को जागरूक करने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम में दो सौ कैडेट्स शामिल हुए।

# संत जेवियर में दो दिनी कॉलेज उत्सव शुरू

23/2/18

सिमडेगा | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

संत जेबियर कॉलेज में दो दिनी कॉलेज उत्सव का उदघाटन गुरुवार को किया गया। मौके पर छात्रों के बीच क्वीज, टी-शर्ट पेंटिंग, फोटोग्राफी, भाषण, चार्ट पेंटिंग, एकल डांस, सामुहिक गायन और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कॉलेज के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक विमला प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर एवं शांति का प्रतिक कबुतर उड़ाकर उत्सव शुरु करने का एलान किया। इसके बाद कॉलेज के छात्र-छात्रओं ने एक से बढ़कर सामूहिक नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। जिसको देखकर लोगों ने खुब तालियां बजाई।

मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फा एमानुएल बरला ने कहा कि कॉलेज परिवार हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कॉलेज में 80 प्रतिशत छात्राएं नामांकित है। मौके पर लक्ष्मण बड़ाईक, फा ब्रुनो, फा अनुप सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। बताया गया कि उत्सव का समापन 23 फरवरी को किया जाएगा। मौके पर कई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

**जिले में बेहतर शिक्षा देने का काम करें**



गुरुवार को कबूतर उड़ाकर उत्सव का शुभारंभ करती विधायक। ● हिन्दुस्तान

**महोत्सव**

- छात्र-छात्राओं के बीच कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन
- आज होगा महोत्सव का समारोहपूर्वक समापन

**कॉलेजः विधायकः** अपने संबोधन में विधायक विमला प्रधान ने कहा कि संत जेबियर कॉलेज परिवार जिले के गरीब छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने का काम करें। जिले में उच्च शिक्षा की बहुत जरुरत है। जिसे पुरा करने का काम संत जेबियर कॉलेज परिवार कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से जिले में महिला कॉलेज की स्थापना सलडेगा में की जा रही है। ताकि यहां की लड़कियों को पढ़ाई करने के लिए बाहर जाना न पड़े। उन्होंने कॉलेज के कार्यक्रम की तारिफ करते हुए इस तहत के कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्रों को भाग लेने की अपील की।

# स्पीच प्रतियोगिता में कृष्णा कौशल अव्वल

भास्कर न्यूज | सिमडेगा

संत जेवियर कॉलेज में आयोजित कॉलेज उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। स्पीच में कृष्णा कौशल प्रथम, सुबोध कुमार सिंह दूसरे और जीवन बागे तीसरे स्थान पर रहे।

क्विज में मरियानुस मड़की व कुमार अविनाश, कोमल श्रीवास्तव व सुमित्रा चौबे, विनोद कंडुलना व जीवन बागे, एसए राइटिंग में आंचल महतो, करिश्मा कौशल, सुबोध कुमार सिंह, फेश पेंटिंग में रोहित ठाकुर, नुपुर सुरीन, अलका सोरेंग, स्लो सांग में बरखा कुमारी, प्रकाश सोरेंग, इमिल्दा आईंद, रंगोली में प्रियंका कुजूर, विभा रानी मिंज, कनकलता तिर्की, अनुप्रिया लकड़ा, अलका सोरेंग, रमिता जोजो, मनीषा केरकेट्टा, श्रद्धा तिर्की, पाइंम राइटिंग में सोनाली बड़ाईक, विनीत लकड़ा, एनी डेजी तिर्की, टी शर्ट पेंटिंग में अलका सोरेंग, प्रियंका कुजूर, रोहित कुमार ठाकुर, स्लो डांस में अनुप्रिया लकड़ा, ग्लेडी वाड़ा वासा तिर्की तथा नोरबर्ट बिलुंग व कोमल श्रीवास्तव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान महालेखाकार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से कहा कि वे लगातार बेहतर प्रयास जारी रखें।



संत जेवियर कॉलेज में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

# संत जेवियर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**सिमडेगा.** संत जेवियर कॉलेज में कॉलेज उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर छात्रों के बीच क्विज, टी-शर्ट पेंटिंग, फोटोग्राफी, भाषण, चार्ट पेंटिंग, एकल डांस, सामूहिक गायन, फैंसी ड्रेस व फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया.

हिन्दुस्तान 25/2/018

# जेवेरियन कहलाना गर्व की बात: रजिस्ट्रार

सिमडेगा | **हिन्दुस्तान प्रतिनिधि**

संत जेबियर कॉलेज में 80 प्रतिशत छात्रों का नामांकन होना इस बात का संकेत है कि झारखंड का विकास हो रहा है। जिले में संत जेबियर कॉलेज का खुलना प्राकृति की भेंट और ईश्वर का वरदान है। उक्त बातें शनिवार को संत जेबियर कॉलेज सिमडेगा में आयोजित कॉलेज डे के मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रांची विवि के रजिस्टार अमर कुमार चौधरी ने कही।

उन्होंने आगे कहा कि जिलेवासियों को अपने घर में ही रहकर संत जेबियर का लोगो मिलना बहुत बड़ी बात है। आपमें क्वालीटी है तो दुनिया की कोई ताकत अपको सफल होने से नही रोक सकती। उन्होंने छात्रों को परिवार का पीलर बनने के लिए पढ़ाई करने का अह्वान किया। कहा कि शिक्षा के बदौलत ही पलायन को कम किया जा सकता है।उन्होंने कॉलेज के कार्यक्रमों की तारीफ करते हुए कहा कि पहले ही वर्ष में इस तरह का कार्यक्रम आने वाले दिनों के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कॉलेज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करने का अश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती कर लोगों का मनोरंजन कराया। वहीं बरखा कुमारी ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं प्राचार्य फा एमानुएल बरला ने कॉलेज के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर बेहतर रिजल्ट करने वाले, प्रतियोगिता में सफल होने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।मौके पर प्राचार्य डा अशोक कुमार मिश्रा, फा ब्रुनो टोप्पो आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर रेक्टर फा लिनुश डुंगडुंग, एलिसा सोरेंग, निखिल केरकेट्टा आदि उपस्थित थे। आयोजन में फा ब्रुनो टोप्पो, फा अनुप, प्रो अल्फोंसा, प्रो कांति, प्रो तरुण, प्रो अनिमेश, प्रो गौरव, प्रो संजय, प्रो अमित, प्रो अनिरुद्ध, डा जयंत कुमार, प्रो अरविन्द्र आदि शिक्षकों सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।



शनिवार को कॉलेज डे कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## पूरी दुनिया में शिक्षा के लिए मशहूर हैं संत जेवियर

मौके पर सिमडेगा कॉलेज के पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा ने कहा कि शिक्षा में चार चिजें जरुरी है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर ने तुम्हें बहुत कुछ दिया है। कॉलेज तुम्हारा है, मौका का फायदा लो भविष्य बनाओ। कहा कि जेबियर पूरी दुनिया में शिक्षा के लिए जाना जाता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि योग्य व्यक्ति बनने के लिए बच्चों को शिक्षा दें जिससे उन्हें भविष्य में कोई परेशानी न हो।

दैनिक भास्कर 16/3/18

# बी कॉम के विद्यार्थियों ने किया परीक्षा का बहिष्कार

## बिजनेस कम्यूनिकेशन के बदले दिए गए थे हिंदी विषय के प्रश्न पत्र

भास्कर न्यूज | सिमडेगा

सिमडेगा कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में बी कॉम के परीक्षार्थियों ने गुरुवार को परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। यहां बी कॉम सेमेस्टर वन प्रतिष्ठा के 240 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। सिमडेगा कॉलेज और संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के परीक्षार्थियों को बिजनेस कम्यूनिकेशन विषय की परीक्षा देनी थी लेकिन उन्हें हिंदी के प्रश्न पत्र दिए गए थे। विद्यार्थियों ने अपनी हाजिरी बनाई और सादी उत्तर पुस्तिकाएं जमा कर दीं। जानकारी के अनुसार परीक्षार्थियों को तीन-चार दिन पूर्व ही एडमिट कार्ड मिले थे और उनमें हिंदी कम्यूनिकेशन विषय अंकित किया गया था। प्रो. देवराज प्रसाद ने बताया कि इस तरफ उन्होंने परीक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया था तथा इसमें सुधार करने का आग्रह किया था। इधर गुरुवार को ही रांची विश्वविद्यालय के एक्जामिनेशन कंट्रोलर आशीष कुमार झा सिमडेगा कॉलेज पहुंचे। परीक्षार्थियों ने उन्हें इस मामले से संबंधित ज्ञापन सौंपकर जरूरी कार्रवाई की मांग की। एक्जामिनेशन कंट्रोलर ने फिर से इस विषय की परीक्षा लेने का आश्वासन दिया।

एजुकेशन | संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य फादर टेटे ने कहा, कॉलेज में होंगी सभी सुविधाएं dt: 03/04/2018

# संत जेवियर कॉलेज के नए भवन का शिलान्यास

भास्कर न्यूज़ | सिमडेगा

संत जेवियर कॉलेज भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को शहर से सटे कोनमेंजरा गांव में विधि-विधान के साथ किया गया। मौके पर संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ. फादर निकोलस टेटे ने आगंतुकों का स्वागत किया। रांची येशु समाज के प्रोविंसियल डॉ. फादर जोसेफ मरियानुस कुजूर ने ईश्वर से आशीष की प्रार्थना करते हुए कॉलेज की आधारशिला रखी।

प्राचार्य फादर टेटे ने बताया कि संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा की शुरुआत दो वर्ष पहले सामटोली में की जा चुकी है, जहां वर्तमान में कला और वाणिज्य संकाय में एक हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। भवन निर्माण की जिम्मेवारी रांची के रायपथ ब्रदर्स को दी गई है।

निर्माणाधीन संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के परिसर में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के अलावा यूजीसी के सभी प्रावधान मानकों को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा, संत जेवियर सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर इमानुएल बरला, सेंट मेरिज कम्युनिटी के रेक्टर फादर लिनुस डुंगडुंग, संत जेवियर कॉलेज रांची के फादर प्रदीप कुजूर, संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के शिक्षक फादर ब्रूनो टोप्पो, फादर अनूप एक्का, डॉ. जयंत कश्यप, प्रो. गौरव श्रीवास्तव, डॉ. सुनील केरकेट्टा, प्रो. मनीष प्रताप तिर्की, प्रो. अमित कुमार गुप्ता, प्रो. अजय कुमार के अलावा रेंगारीह, झरैन, कोनमेंजरा, सामटोली तथा रांची से कई पुरोहित, सिस्टर तथा कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेते पुरोहित व अन्य।

प्रभात खबर 03/04/18

# संत जेवियर कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास



शिलान्यास करते पुरोहित.

**प्रतिनिधि** ▷ सिमडेगा

ठेठइटांगर प्रखंड के कोलमेंजरा में संत जेवियर कॉलेज भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. मौके पर संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ फादर निकोलस टेटे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. रांची यीशु समाज के प्रोविंशियल डॉ फादर जोसेफ मरियानुस कुजूर ने कॉलेज की आधारशिला रखी. इस अवसर पर भूतपूर्व प्रधान महालखाकार बेंजामिन लकड़ा, संत ज़ेवियर कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य डॉ फादर इमानुएल बरला, सेंट मेरीज कम्युनिटी के रेक्टर फादर लिनुस डुंगडुंग, संत जेवियर रांची के फादर प्रदीप कुजूर, फादर ब्रुनो टोप्पो, फादर अनूप एक्का, डॉ जयंत कश्यप, प्रो गौरव श्रीवास्तव, डॉ सुनील केरकेट्टा, प्रो मनीष प्रताप तिर्की, प्री अमित कुमार गुप्ता व प्रो अजय कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे. ज्ञात हो कि संत जेवियर कॉलेज की स्थापना में दो वर्ष पूर्व ही सामटोली में हो चुकी है. वर्तमान में कॉलेज में कला व वाणिज्य संकाय में लगभग एक हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. भवन निर्माण की जिम्मेवारी रायपत ब्रदर्स को दी गयी है. कॉलेज में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की पढ़ाई होगी. साथ ही विद्यार्थियों के लिए छात्रावास व स्टॉफ क्वार्टर सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी.

51

# कोनमेंजरा में संत जेवियर कॉलेज भवन का भूमि पूजन

## मिलेगी सुविधा

सिमडेगा | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

बहुत जल्द संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा का भी अपना भवन होगा। जहां जिले के अलावा अन्य जिले के गरीब विद्यार्थी अपना भविष्य आसानी से बनाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को जिले में एक कदम और बढ़ाते हुए कॉलेज भवन के लिए भूमि पूजन कोनमेंजरा में किया।

मौके पर मुख्य रुप से येसु समाज के प्रोविंसियल डॉ फा जोसेफ मरियानुस कुजूर ईश्वर से आशीष की प्रार्थना करते हुए विधि विधान से नींव रखी। साथ ही



भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन करते येसु समाज के प्रोविंसियल सहित अन्य।

कहा कि जिले वासियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए संत जेवियर परिवार हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज का भवन बन जाने से पढ़ाई करने में छात्रों को काफी आसानी होगी। वहीं संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ फा निकोलस टेटे ने कॉलेज की स्थापना का परिचय देते हुए कॉलेज की आवश्यकता, महत्ता और इसके भविष्य का परिचय दिया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य फा डॉ निकोलस टेटे ने किया। मौके पर प्राचार्य डा फा एमानुएल बरला, पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा, रेक्टर फा लिनुस डुंगडुंग, संत जेवियर रांची के फा प्रदीप कुजूर, फा ब्रूनो टोप्पो, फा अनुप एक्का, डा जयंक कच्छप, प्रो गौरव श्रीवास्तव, डा सुनील केरकेट्टा, प्रो मनीष प्रताप तिर्की, प्रो अमित कुमार गुप्ता, प्रो अजय कुमार के अलावा कई फा सिस्टर व अन्य उपस्थित थे।

## दो वर्ष पूर्व ही हो चुकी है कॉलेज की स्थापना

गौरतलब है कि संत जेवियर कॉलेज की स्थापना जिले में दो वर्ष पूर्व ही की गई है। जहां वर्तमान में कला और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई हो रही है। जिसमें एक हजार से भी अधिक छात्र नामांकित हैं। कोनमेंजरा में भवन बन जाने से विज्ञान संकाय की भी पढ़ाई शुरु होगी। साथ ही छात्रों के लिए छात्रावास, स्टॉफ क्वार्टर सहित सभी मूलभूत सुविधा के अलावा यूजीसी के सभी प्रावधान मानकों को पूरा किया जाएगा। बताया गया कि भवन निर्माण की जिम्मेवारी रायपत ब्रदर्स रांची को दी गई है।

हिन्दुस्तान 3/04/18

हिन्दुस्तान 5/6/18

# संत जेवियर में मिड सेमेस्टर की परीक्षा 11 से

**सिमडेगा** । संत जेबियर कॉलेज के वैसे छात्र जो द्वितीय सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए हैं। उनके लिए 11 एवं 12 जून को परीक्षा आयोजित की गई है।जानकारी देते हुए प्राचार्य फा एमानुएल बरला और फा ब्रुनो टोप्पो ने संयुक्त रुप से सभी छात्रों को सुबह 9:30 बजे तक उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

प्रभात खबर 6/6/18

# मिड सेमेस्टर की परीक्षा 11 व 12 को

**सिमडेगा.** संत जेवियर कॉलेज के वैसे विद्यार्थी, जो किसी कारण से द्वितीय सेमेस्टर के मिड सेमेस्टर की परीक्षा में भाग नहीं ले पाये हैं, उनके लिये 11 एवं 12 जून को परीक्षा का आयोजन किया गया है. सभी विद्यार्थियों को पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे परीक्षा हॉल में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. यह जानकारी फादर इमानुएल बरला ने दी.

19/6/18

# संत जेवियर कॉलेज में नए प्राचार्य ने किया योगदान

सिमड़ेगा | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

संत जेवियर् कॉलेज में नए प्राचार्य के रुप में फा एफ्रेन बा:. ने सोमवार को योगदान दिया। मौके पर कॉलेज परिवार की ओर से नए प्राचार्य का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

इस दौरान छात्रों द्वारा स्वागत गीत की भी प्रस्तुति की गई। योगदान देते हुए प्राचार्य फा एफ्रेन बाः ने संत जेवियर कॉलेज रांची में प्राप्त अनुभवों को छात्रों व शिक्षकों की बीच साझा किया। साथ ही कहा कि जीवन में समय का बड़ा महत्व है। उन्होंने समय के महत्व पर जानकारी देते हुए सभी छात्रों को जीवन में अच्छा करने का अह्वान किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज को आगे बढ़ाने की दिशा में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंनें सभी शिक्षकों और छात्रों से भी कॉलेज को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर मंच संचाल फा ब्रुनो टोप्पो ने किया। जबकि फा अनुप एक्का ने फा एफ्रेन के जीवन का संक्षिप्त परिचय दिया। मौके पर प्रो गौरव श्रीवास्तव, प्रो अनिमेश रॉय, प्रो तरुण डुंगडुंग, प्रो आनंद मिंज, प्रो अजय कुमार, प्रो अमित गुप्ता, प्रो रेनी लकड़ा आदि उपस्थित थे।

Hindustan

12/7/18

# संत जेवियर कॉलेज में 444 का दाखिला

**सिमडेगा।** संत जेबियर कॉलेज में पार्ट वन में अब तक 444 छात्रों ने अपना नामांकन करा चुके हैं। इस वर्ष छात्रों का अधिक रुझान अंग्रेजी ऑनर्स विषय पर देखा जा रहा है। जानकारी देते हुए कॉलेज के सचिव फा ब्रुनो टोप्पो ने बताया कि पार्ट वन में नामांकन की अंतिम तिथि 21 जुलाई निर्धारित की गई है। वहीं 25 जुलाई को नए सत्र की कक्षाएं शुरु हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक एकाउंटस में 123, अर्थसास्त्र में 39, अंग्रेजी में 54, भूगोल 64, हिंदी में 64, इतिहास में 55 और राजनीतिक शास्त्र में 45 छात्रों ने दाखिला कराया है।